# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप./2025/2586 दिनांक 18.03.2025

## // संशोधित अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक - बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./ बी.एससी (होमसाइंस) तृतीय वर्ष (पुरानी पद्वति के छात्रों के लिये) (महाविद्यालय के असंस्थागत **(Private),** परीक्षार्थी हेतु) पूरक परीक्षा अक्टूबर, 2024 (NON NEP) में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की संशोधित तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं। (दिनांक 19 जुलाई 2024 को सम्पन्न कार्यपरिषद् की बैठक के कार्यविवरण में पद क्रमांक-23 के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

| क्र | विवरण | परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि | 07.04.2025 |
| 3. | परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 500/- के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि | 08.04.2025 |
| 4. | परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 1000/- के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि | 09.04.2025 |
| 5. | परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ अध्ययनशाला/महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 11.04.2025 |
| 6. | परीक्षा आवेदन-पत्र महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | 12.04.2025 |

**परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :-**

| B.A./B.Com./B.Sc. IIIrd Year (Private, Private Ex.) | असंस्थागत (Private) | असंस्थागत भूतपूर्व (Private Ex.) | पूरक परीक्षा शुल्क (01 विषय) |
|---|---|---|---|
| परीक्षा शुल्क | -- | -- | 861/- |
| परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क (छात्र कल्याण शुल्क एवं क्रीड़ा शुल्क सहित) | -- | -- | 80/- |
| अग्रेषण शुल्क,परीक्षा संचालन शुल्क का विश्वविद्यालयीन भाग | -- | -- | 85/- |
| कुल योग परीक्षा शुल्क | -- | -- | 1026/- |
| *** ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए./बी.कॉम. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/- की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी। यह राशि ऑन लाईन परीक्षा शुल्क में जोड़ी जावेगी। | | | |

विशेष नोट :

1. **ऐसे छात्र जो नियमित भूतपूर्व श्रेणी में हैं, वे** (Private, Private Ex.) **भी इस अधिसूचना के अंतर्गत परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं।**
2. **उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क तथा परीक्षा संचालन शुल्क का महाविद्यालयीन भाग रू0 215/- प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय के द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा कराया जायेगा।**

नोट :- परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान महाविद्यालय/अध्ययनशाला की अप्रूवल लिंक पर ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय/अध्ययनशाला से Approval के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

1. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन किये बिना किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाये।
2. संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा प्रेषित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन के बिना मान्य नहीं किये जावेगें।
3. यदि इस संबंध में बिना अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पंजीयन के परीक्षा फार्म प्रेषित अथवा स्वीकृत किये जाते हैं तो सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय की होगी।
4. परीक्षा आवेदन-पत्र में निर्धारित स्थान पर ABC आईडी भरा जाना है। महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र एप्रूव करते समय ABC आईडी को सत्यापित करने की सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययनशाला/महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा। परीक्षा आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी के साथ ABC आईडी की कम्प्यूटर जनरेटेड प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

1. संपादक महोदय, दैनिक ................................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रुप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. श्री एच0के0 द्विवेदी, प्रभारी, आई0टी0 सेल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**प्रभारी परीक्षा नियंत्रक**